संपादकीय

एक बनियान जो नहीं फटती

यह एक बनियान के उस विज्ञापन की 'कैच लाइन' या कहें कि 'पंच लाइन' है, जो खबर चैनलों में अक्सर बजती रहती है: 'डॉलर पहनने वालों की कभी नहीं फटती'।

बॉलीवुड का एक 'सुपर स्टार' विज्ञापन का हीरो है। विज्ञापन में एक निदेशिका के सामने एक ओर सुपर स्टार और दूसरी ओर उसका 'डबल' खड़ा होता है। दोनों बनियान फाड़ने का कंपटीशन करते हैं। सुपर स्टार अपने 'डबल' की बनियान को दोनों हाथों से खींचकर फाड़ देता है, और फिर अपने 'डबल' से कहता है कि वो उसकी बनियान फाड़े। वह हीरो की बनियान फाड़ने की कोशिश करता है, लेकिन सुपर स्टार की बनियान नहीं फटती। अंत में सुपर स्टार 'कैच लाइन' बोलता है: 'डॉलर पहनने वालों की कभी नहीं फटती!' फिर निदेशिका से कहता है, 'अब आप बोरोलीन का टेस्ट कर लो' तो निदेशिका शर्माते हुए कहती हैं: फिट है बॉस! यह विज्ञापन टीवी के खबर चैनलों में बार-बार आता है, और जितनी बार आता है, यह कैच लाइन बोली जाती है: 'डॉलर वालों की कभी नहीं फटती।'

यहां 'फटती' क्रिया पद के कई निहितार्थ गूंजते हैं: पहला साधारण अर्थ 'फटना' जैसे किसी कपड़े का या कागज का फटना लेकिन जैसे ही क्रिया को स्त्रीलिंगी बनाया जाता है कि 'डॉलर पहनने वालों की कभी नहीं फटती' तो उसमें खास किस्म के 'सेक्सिस्ट अर्थ' गूंजने लगते हैं। अगर विज्ञापन का सुपर स्टार हीरो बोलता कि 'डॉलर ब्रांड बनियान कभी नहीं फटती' तो 'फटती' का अर्थ बनियान के साथ जुड़ कर 'फिक्स' हो जाता लेकिन 'कैच लाइन' कहलवाई ही कुछ इस तरह से गई है कि बनियान के 'सेक्सिस्ट' अर्थ प्रमुख हो जाएं और बनियान पहनने वाले 'मर्दवादी (माचोवादी) मारकेट' में हिट हो जाएं।

आजकल के सोशल मीडिया की युवा दुनिया में ऐसे बहुत शब्द चलते हैं, जो 'सेक्सिस्ट' अर्थ रखते हैं जैसे कि 'वो बहुत बड़ा फाडू है' या कि 'उसकी तो उसने 'ले ली'' या 'उसकी 'फटती' है' या 'नहीं फटती' है..विज्ञापन इसी दुनिया के लिए है। यही भाषा का 'सेक्सिस्ट छल' है:'फाडू', 'ले ली' या 'फटती'-सभी क्रियापद 'सेक्सिस्ट' मानी रखते हैं, और सभी खास प्रकार के 'मर्दवादी-माचोवादी आक्रामक व्यवहार' को औचित्य देते हैं। विज्ञापन की भाषा का 'विखंडन' करते ही साफ हो जाता है कि ऐसे तमाम क्रियापदों में खास प्रकार की 'पुल्लिंगी ताकत' काम करती है। स्त्रीत्ववादी पदावली में कहें तो विज्ञापन की भाषा 'शिश्नकेंद्रिक' (फैलोगोसेंटिक) है, जो पुरुष के शिश्न को ताकत देती है और 'शिश्न की आक्रामकता' को पापूलर बनाती है। ऐसे विज्ञापनों की ऐसी भाषा सुनकर हमारा 'मर्दवादी अहं' इन जुमलों में निहित 'शिश्न की आक्रामकता' का मजा लेता है, और उसे अपने शब्दकोश का हिस्सा बना लेता है! मर्दवादी वातावरण में 'फटती' की 'व्यंजना' का हम आनंद लेते हैं, लेकिन वैसा कहते लजाते हैं। जानते हैं कि 'फटती' क्रिया किस अंग की ओर इशारा करती है, लेकिन उसे वैसा कहते नहीं। इस भाषा की यही 'छलना' है कि विज्ञापन में निहित शिश्नवादी हिंसा सीधे नहीं कही जाती क्योंकि ऐसे कहना पकड़ा जा सकता है। ऐसा हर विज्ञापन की शिश्नकेंद्रिक सत्ता को स्थापित करता है, स्त्रीत्ववादी यौनिकता पर आक्रमण। ऐसी लंपटता को 'नया चलन' (न्यू नार्मल) बनाता चलता है।

सारे सेक्सिज्म की जननी ऐसी ही अकर्मक क्रियाएं होती हैं। क्रिया के साथ कर्म और कर्ता स्पष्ट हों तो क्रिया का अर्थ फिक्स हो जाएगा। कर्म और कर्ता के बिना सिर्फ क्रिया कई तरह के अथरे के लिए खुल जाती है। मराठी की फिल्म याद करें जिसका नाम था 'आधी रात में दिया तेरे हाथ में'! 'दिया' ऐसी ही क्रिया थी जिसके दो अर्थ थे। नाम नहीं बताता था कि हाथ में क्या दिया? आपका मर्दवादी मन 'आधी रात में क्या दिया?' में निहित 'दोहरे अर्थ'-(दीपक और देना)-का आनंद लेता है, और फिल्म हिट हो जाती है।

यही स्थिति इस विज्ञापन की है। विज्ञापन में 'फटती' क्रिया 'शिश्न के आक्रमण' को आमंत्रित करती ऐसी क्रिया है, जो अधूरी है और हमें उसे पूरा करने को आमंत्रित करती है, और इसलिए इसका सेक्सिस्ट पाठ बिकता है।

-सुधीश पचौरी

भारत में पिछले 12 महीनों में डिजिटल पेमेंट में 76 प्रतिशत की वृद्धि

नईदिल्ली । इस साल की पहली तिमाही में ऑनलाइन लेनदेन में 76 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। 2020 में समान अवधि की तुलना में इस वर्ष की पहली तिमाही में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस दौरान टियर 2 और टियर 3 शहरों एवं कस्बों में सभी ऑनलाइन लेनदेन में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान जारी रहा। एक नई रिपोर्ट ने सोमवार को यह दावा किया गया है।

2020 में महामारी के कारण भारी गिरावट के बाद, यात्रा उद्योग में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अचल संपत्ति (रियल इस्टेट) में इस वर्ष के पहले तीन महीनों में 69 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

पर्यटन के खुलने के साथ, जम्मू-कश्मीर ने पहली बार शीर्ष 10 डिजिटल रूप से समावेशी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थान बनाया है। जम्मू-कश्मीर ने जनवरी-मार्च अवधि में ऑनलाइन लेनदेन में 36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों से ऊपर रैंकिंग पाई है। फुल-स्टैक फाइनेंशियल सॉल्यूशंस कंपनी राजोरपे द्वारा अपनी 'द एरा ऑफ राइजिंग फिनटेक' रिपोर्ट में पेश किए गए आंकड़ों में यह खुलासा हुआ है।

भुगतान विकल्प जैसे कि बाय नाऊ पे लेटर (बीएनपीएल) में पिछले 12 महीनों में 569 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। उपभोक्ताओं की ओर से थोक भुगतान से बचने वाले और किफायती भुगतान मोड को तरजीह देने के साथ यह तेजी देखी गई है।

यूपीआई भुगतान को दी जाने वाली तवज्जो जारी है, जिसके बाद डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेटबैंकिंग का नंबर आता है।

राजोरपे में एसएमई कारोबार के प्रमुख वेदनारायण वेदांथम ने एक बयान में कहा, इस डिजिटल अडॉप्शन का 50 प्रतिशत से अधिक फिलहाल टियर 2 और टियर 3 शहरों से आ रहा है, जो दर्शाता है कि यह महज एक शहरी तथ्य नहीं है। छोटे व्यवसाय नए भुगतान के तरीके प्रदान कर रहे हैं और एक व्यापक ग्राहक आधार तक पहुंच रहे हैं, जो भौगोलिक सीमाओं को पार करता है।

पिछले कुछ महीनों में उपभोक्ता तेजी से ऑनलाइन ऑर्डर कर रहे हैं और एफएंडबी उद्योग में जनवरी से मार्च तक 69 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, स्कूल, कॉलेजों और ऑनलाइन शिक्षण संस्थानों ने तेजी से फीस और वेतन भुगतान के लिए ऑनलाइन भुगतान स्वीकार किया है, जो कि ऑनलाइन लेनदेन में 40 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

भारतीय बैंकों के पास जमा है 150 खरब रुपये

नईदिल्ली । कोरोना संकट में भी बैंकों की जमा में गिरावट नहीं आई है बल्कि यह करीब 11 फीसदी बढ़कर पहली बार 150 खरब रुपये के पार पहुंच पर पहुंच गई है। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 26 मार्च 2021 तक भारतीय बैंकों की जमा 150.13 खरब रुपये रही। आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक साल में भारतीय बैंकों की कुल जमा में 11.3 फीसदी का इजाफा हुआ है। वर्ष 2011 में भारतीय बैंकों की कुल जमा 50 खरब रुपये के स्तर पर पहुंची थी। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना काल में बैंकों की जमा उनके कर्ज की रफ्तार के मुकाबले दोगुना तेजी से बढ़ी है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयर ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इक्विटी फंड से लगातार निकासी हो रही है और बैंकों की जमा में इजाफा हो रहा है।

कोविड-19 महामारी के बीच वाहनों की बिक्री 14 फीसद घटी

नईदिल्ली । कोविड-19 महामारी के बीच वित्त वर्ष 2020-21 में घरेलू बाजार में वाहनों की बिक्री करीब 14 फीसद घट गई। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में देश में कुल 1,86,15,588 वाहन बिके जो वित्त वर्ष 2019-20 के 2,15,45,551 वाहनों की तुलना में 13.60 फीसद कम है। यात्री वाहनों यानी कारों, उपयोगी वाहनों तथा वैन की घरेलू बिक्री में दो फीसद और दुपहिया वाहनों में 13 फीसद से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 56 फीसद से अधिक और कामर्शियल वाहनों की बिक्री करीब 21 फीसद घट गई। वाहनों के निर्यात में भी 13 फीसद की कमी आई है।

राजेश मेनन ने कहा कि वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में यात्री वाहनों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के आंकड़े नकारात्मक हैं। सियाम के अध्यक्ष केनेची आयुकावा ने कहा, कोविड-19 की दूसरी लहर से पेश चुनौतियों के कारण भारतीय वाहन उद्योग के सामने अब भी कठिनाइयां हैं। अपने कर्मचारियों, पार्टनरों और ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उत्पादन तथा बिक्री बढ़ानी है।

सरसों दादरी तेल 500 रुपये उछला, सोयाबीन, मूंगफली, सीपीओ और पामोलीन में भी तेजी

नईदिल्ली । वैश्विक स्तर पर खाद्य तेलों और विशेषकर हल्के खाद्यतेलों की मांग बढ़ने के कारण दिल्ली तेल तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सीपीओ और पामोलीन सहित लगभग सभी तेल तिलहन कीमतों में सुधार आया। पिछले सप्ताह सरसों दाना का भाव 325 रुपये बढ़कर 6,310-6,350 रुपये प्रति क्विन्टल हो गया, जो उसके पिछले सप्ताहांत 5,985-6,025 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ था। विदेशों में मांग बढ़ने से सोयाबीन और पामोलिन तेल में लगातार

तेजी का रुख बना हुआ है। सोयाबीन की तेल रहित खल की स्थानीय पाल्ट्री फर्मों के अलावा भारी निर्यात मांग है जिससे सोयाबीन तेल तिलहन कीमतों में सुधार देखा गया।

निर्यात मांग के कारण मूंगफली दाना 150 रुपये सुधरकर 6,485-6,530 रुपये, मूंगफली गुजरात 400 रुपये के सुधार के साथ 15,900 रुपये क्विन्टल तथा मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड का भाव 60 रुपये के सुधार के साथ 2,530-2,590 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। बाकी तेलों में तिल मिल डिलीवरी का भाव 150 रुपये के सुधार के साथ 14,800-17,800 रुपये प्रति क्विन्टल हो गया।

बिनौला मिल डिलिवरी हरियाणा 400 रुपये बढ़कर 13,500 रुपये हो गया। वहीं मक्का खल का भाव भी 90 रुपये सुधरकर 3,700 रुपये क्विन्टल पर बंद हुआ। कंपनियों और शादी ब्याह में मक्का रिफाइंड की मांग बढ़ रही है, जिसे काफी बेहतर माना जाता है।बाजार सूत्रों द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व देश भर की विभिन्न मंडियों में 10-12 लाख सरसों की बोरियों की आवक हो रही थी, जो अब घटकर 6-7 लाख बोरी रह गई है। उन्होंने कहा कि सरसों की रोक-रोक कर बिक्री करने का काम किसान कर रहे हैं, जिसकी सहकारी संस्था नाफेड और हाफेड से अपेक्षा की जाती रही है।

लॉकडाउन की स्थिति में सरकार व्यापारियों को मुआवजा दे : कैट

नईदिल्ली । देश भर में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ने लगने लगे हैं, जिसके बाद से राज्यों में नाइट कर्फ्यू और लॉकडाउन लगाने की स्थिति बन चुकी है। ऐसे में कन्फेडरेशनऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन एवं सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियोंको एक पत्र भेज मांग की है कि इस महामारी से बचाव में यदि कोई राज्य लॉकडाउन की घोषणा करता है, जिससे दुकानें बंद हो, तो सरकार को उन सभी व्यापारियों को उचित मुआवजा देना चाहिए। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, सरकार के आदेश पर किए गए लॉकडाउन के कारण बंद हुई दुकानों को सरकार से मुआवजा लेने का हक बनता है। कैट ने मुआवजे देने के फॉमूर्ले को बताते हुए कहा, जिस दुकान की जो वार्षिक टर्न ओवर है उसके अनुपात में सरकार को ऐसे व्यापारियों को मुआवजा देना चाहिए। कैट के अनुसार, देश में प्रतिवर्ष लगभग 80 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होता है, जो प्रति माह लगभग 6 .5 लाख करोड़ का होता है। अकेले महाराष्ट्र का मासिक कारोबार लगभग 1 लाख करोड़ रुपये तथा दिल्ली का मासिक कारोबार लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का होता है।

श्रद्धा कपूर को मिल गया है पार्टनर

बॉलीवुड की चुलबुली और खूबसूरत अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों को लेकर बिजी हैं. कुछ दिनों पहले ही श्रद्धा ने फिल्म 'चालबाज' के रीमेक की घोषणा की थी. इस फिल्म के जरिए पहली बार श्रद्धा कपूर फिल्मी पर्दे पर डबल रोल में दिखाई देंगी. फिलहाल, श्रद्धा की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है. हालांकि, यह चर्चा उनकी फिल्मों को लेकर नहीं, बल्कि उनके नए पार्टनर को लेकर हो रही हैं.

यह पार्टनर कोई और नहीं बल्कि एक गोरिल्ला है, जो कि एक वीडियो में श्रद्धा कपूर के साथ कदम से कदम मिलाते हुए थिरक रहा है. यह वीडियो श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. श्रद्धा कपूर के इस वीडियो को देखकर उनके चाहने वाले दंग रह गए कि एक्ट्रेस गोरिल्ला को देखकर भागने के बजाए उसके साथ फुल मस्ती में डांस कर रही हैं. वीडियो में आप एक बहुत ही डरावने गोरिल्ला को देख सकते हैं.

श्रद्धा कपूर के फैंस यह जानने की कोशिश में लगे हैं कि आखिर यह गोरिल्ला कहां से आया है और श्रद्धा कपूर इसके साथ कैसे एन्जॉय कर रही हैं. तो आपको बता दें कि एक एडवेंचर फिल्म

बहुत ही जल्द एमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है, जिसका नाम है- 'हैलो चार्ली'.

इस वीडियो के जरिए श्रद्धा कपूर फिल्म 'हैलो चार्ली' का ही प्रमोशन कर रही हैं. इस फिल्म में टोटो गोरिल्ला और सिंपल चार्ली मस्ती करते हुए नजर आएंगे. सिंपल चार्ली का किरदार अभिनेता आदर जैन निभा रहे हैं. फिल्म में आदर जैन के अलावा जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में नजर आएंगे.

फिलहाल, श्रद्धा कपूर की बात करें तो वह इन दिनों मालदीव में अपनी छुट्टियां एन्जॉय कर रही हैं. श्रद्धा कपूर ने आज यानी बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वह समंदर किनारे ब्रेकफास्ट का लुत्फ उठाते हुए दिख रही हैं. श्रद्धा कपूर की इस फोटो को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और तरह-तरह के कमेंट भी कर रहे हैं. इससे पहले भी श्रद्धा ने एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वह काफी खूबसूरत दिख रही थीं.

आज का राशिफल

मेषः पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

वृषभः व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी।

मिथुनः घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

कर्कः कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे।

सिंहः बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे।

कन्याः पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

तुलाः दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा।

वृश्चिकः कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी।

धनुः उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

मकरः नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

कुंभः फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

मीनः यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है।

फिल्म गुडबाय में नीना गुप्ता निभाएंगी अमिताभ बच्चन की पत्नी का किरदार

बीते दिनों मशहूर फिल्म मेकर और डायरेक्टर एकता कपूर ने अपने अगले प्रोजेक्ट का ऐलान किया था। एकता कपूर की अगली फिल्म गुडबाय हैं। जिसमें अभिनेता अमिताभ बच्चन और रश्मिका मंदाना मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म का ऐलान कुछ समय पहले ही मेंकर्स ने किया था। फिल्म के ऐलान के बाद से ही इसकी शूटिंग 4 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। वहीं अब फिल्म गुडबॉय को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। वो ये है

कि फिल्म गुडबाय में अभिनेता अमिताभ बच्चन की पत्नी के रूप में जिस अभिनेत्री को कास्ट किया जाएगा उसका नाम अब सामने आ चुका है।

बालाजी टेलीफिल्म्स और रिलायंस एंटरटेनमेंट की गुडबाय फिल्म में अमिताभ बच्चन की पत्नी का रोल निभाने वाली अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि नीना गुप्ता है। जी हां फिल्म में नीना गुप्ता अमिताभ बच्चन की पत्नी का रोल निभाने वाली हैं। जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू की गई है।

बता दें कि नीना गुप्ता फिल्म में अमिताभ बच्चन की पत्नी की भूमिका में दिखाई देने वाली है। ये पहली बार होगा जब दोनों एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। हालांकि फिल्म गुडबाय में अमिताभ बच्चन के साथ काम करने को लेकर अभिनेत्री नीना गुप्ता काफी ज्यादा उत्साहित हैं।

सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में रणवीर शौरी की हुई एंट्री

बॉलीवुड के मशहूर और सुपरस्टार अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म की शूटिंग करने में व्यस्त हैं। अभिनेता सलमान खान पिछले कई दिनों से फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग कर रहे हैं। जिसमें सलमान खान के अलावा इमरान हाशमी और कैटरीना कैफ मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। ये पहली बार होगा कि जब सलमान खान और इमरान हाशमी आमने सामने नजर आने वाले हैं। खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि सलमान खान की

फिल्म टाइगर 3 में एक और शानदार कलाकार की एंट्री हो चुकी है।

वो कोई और नहीं बल्कि अभिनेता रणवीर शौरी है। फिल्म एक था टाइगर में रणवीर शौरी ने गोपी के किरदार में दिखाई दिए थे।

गर्मी में बनाएं अमरूद मोजितो मॉकटेल ड्रिंक

गर्मियों में मिलने वाला अमरूद स्वाद में तो लाजवाब होता ही है सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। तो आज इससे हम तैयार करने वाले हैं एक मॉकटेल, तो आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

सामग्री :

अमरूद- 3 कप (क्यूब्स में कटे), पीसी चीनी- 1/2 कप, नींबू का रस- 1 टेबलस्पून, नमक- 3/4 टीस्पून, काला नमक- 1/2 टीस्पून, सोडा वॉटर- 6 कप

विधि :

अमरूद मोजितो मॉकटेल बनाने के लिए सबसे पहले मिक्सर जार में अमरूद और 3/4 कप पानी डालकर मिक्स करें और इसे बारीक पीस लें। मिक्सचर को एक गहरे बाउल में निकाल लें। फिर इसमें चीनी, नींबू का रस, नमक और काला नमक डालें और अच्छी तरह से मिक्स करके एक तरफ रख दें। इसके बाद सर्विंग ग्लास में 2 टेबलस्पून तैयार अमरूद का मिक्सचर डालें और उस पर 1/2 कप सोडा वॉटर डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें और तुरंत सर्व करें। अमरूद के मिक्सचर को आप एक सप्ताह तक एयर-टाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं।

शब्द सामर्थ्य- 48

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू- 48

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 47 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4